Title: Need to increase the frequency of `Kapadvanj-Nadiad' train in Gujarat.

श्री जयसिंहजी चौहान (कपड़वंज) : सभापति जी, सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कपड़बंज (गुजरात) में चल रहे 'कपड़बंज-नडियाद ट्रेन' से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं। 'कपड़बंज-नडियाद ट्रेन' कप्रड़बंज से प्रातः ८.२५ में नडियाद के लिए प्रस्थान करती है और पुनः १८.४५ में नडियाद से कपड़बंज आती है। इस प्रकार २४ घंटे में उक्त ट्रेन को उक्त स्थानों के लिए एक ही बार आने-जाने के कारण मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को रेल-सेवा से वंचित रहना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि उक्त ट्रेन में मात्र एक ही डिब्बे की व्यवस्था है और उक्त ट्रेन को रास्ते के अन्य स्टेशनों पर कहीं भी ठहराव (स्टापेज) नहीं है, जबकि लोक हित की दृष्टि से उक्त ट्रेन का ठहराव कठवाला, महुधा, आंतरोली, तोरण, वीणा आदि स्टेशनों में किया जाना न्यायसंगत ही नहीं परमावश्यक है। कपड़बंज मेरे संसदीय क्षेत्र के साथ ही तालुका प्लेस है और एक ही अत्यन्त महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र भी है। यहां द्विवेला की तेल प्रचुर मात्रा में उत्पादित है जहां द्विवेला के तेल को बाहर भेजने के लिए रेल सेवा में मालगाड़ी के साथ ही टैंकर की भी व्यवस्था होनी चाहिए। अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि उक्त ट्रेन को २४ घंटे में कम से कम चार-पांच बार चलवाने, ट्रेन में डिब्बों की संख्या बढ़ाने, उक्त स्टेशनों पर ठहराव की अनुमति प्रदान करवाने तथा उक्त स्टेशन से, मालगाड़ी के साथ ही तेल टैंकर सेवा की भी व्यवस्था उपलब्ध करवाने की महती कृपा करें।